<u>समाचार</u>

सड़कों से आवारा मवेशी हटाने का अभियान जारी

<u>(पुनः 13 मवेशियों को सड़कों से उठाकर पहुंचाया गया गोठान)</u>

कोरबा 05 सितम्बर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर निगम द्वारा चलाए जा रहे सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों पर नियंत्रण का अभियान निरंतर जारी है तथा प्रतिदिन रात्रि को यह कार्यवाही निगम अमले द्वारा संचालित की जा रही है, अमले द्वारा पुनः 13 मवेशियों को सड़कों से उठाकर गोठान पहुंचाया गया है।

नगर के पशुपालको द्वारा अपने मवेशियों को सड़कों पर स्वच्छंद विचरण हेतु छोड़ दिया जा रहा है, ये मवेशी सड़कों पर स्वच्छंद रूप से घूमते हैं तथा सड़कों पर बैठ जाते हैं, इनके कारण यातायात बाधित होता है तथा आवागमन करने वाले नागरिकों, वाहन चालकों को काफी दिक्कतें होती हैं। इन मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटनाएं घटित होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। सड़कों पर स्वच्छंद रूप से विचरण कर यातायात बाधित करने वाले इन मवेशियों से सड़कों को मुक्त कराने हेतु निगम द्वारा आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। निगम के सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर ने बताया कि पूर्व में 144 मवेशियों को गोठान व कांजीघर पहुंचाने के अलावा 04 सितम्बर को रात्रि में चलाए गए अभियान के दौरान 13 मवेशियों को पुनः सड़कों से उठाकर काउकेचर के माध्यम से गोठान पहुंचाया गया है।

<u>**मवेशी सड़कों पर न छोडें पशुपालक**</u>– आयुक्त श्री राहुल देव ने नगर के पशुपालकों, दूध डेयरी व्यवसायियों से कहा है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़े, बल्कि घर पर ही सुरक्षित रूप से रखें, उन्होने कहा कि बार–बार अपील किए जाने के बाद भी यह देखने में आ रहा है कि प्रतिदिन सड़कों पर मवेशी छोड़ दिए जाते हैं, निश्चित रूप से यह अफसोसजनक है, सड़कों पर मवेशियों के विचरण करने एवं बैठने से आमनागरिकों, वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है, आवागमन बाधित होता है तथा दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है, अतः पशुपालक किसी भी हालत में मवेशियों को सड़कों पर न छोड़े।